तापमान

अधिकतम 15.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 2 फरवरी 2024

12 लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन



12 स्वास्थ्य-बेसिक हाइजिन के प्रति किया जागरुक



## खबर संक्षेप

### धर्मबीर बने जेकेएमएस प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**जींद।** जननायक जनता पार्टी ने वीरवार को जननायक कर्मचारी एवं मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें जींद के ईगराह गांव निवासी धर्मबीर रेढू को जजपा की जकेएमएस प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर जिम्मेदारी दी है। प्रदेश प्रभारी धूप सिंह माजरा व प्रदेशाध्यक्ष संजीव ने राष्ट्रीयाध्यक्ष डा. अजय सिंह व उपमुख्यमंत्री प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह से विचार विमर्श कर की है।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**कैथल।** गांव रसीना में अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से पिता की मौत हो गई और बेटा घायल हो गया। गोली फिला जिला करनाल निवासी बिट्टू ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 30 जनवरी को वह और उसका पिता भान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने हाबड़ी आए थे। शाम को वापस जाते समय जब वे गांव रसीना में बस्तली झाल के नजदीक पहुंचे तो करनाल की तरफ से आ रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने उन्हें टक्कर मार दी।

### बाइक चोरी,अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नरवाना।** कस्बे के संगम विहार हरियाणा चौक पर एक घर से रात के समय घर के गेट के ऊपर से घर में घुस कर बाइक चोरी पर अज्ञात के खिलाफ सिटी थाना नरवाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस को दी शिकायत में संजीव ने बताया कि उसने रिहायश संगम विहार हरियाणा चौंक पर बनाई हुई है और 30 को बाइक को घर के अंदर खडा किया था अगले दिन घर से मोटरसाइकिल गायब थी।

# प्रदेश में दस की दस लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल : कैप्टन अभिमन्यु

## स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व वित्तमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उचाना

जजपा राष्ट्रीयध्यक्ष डा. अजय चौटाला के गठबंधन को लठ की तरह मजबूत के बयान पर बोलते हुए पूर्व वित्त मंत्री अभिमन्यु ने कहा कि विधानसभा में बहुमत के लिए हमें उनके सहयोग की जरूरत है विधानसभा में बहुमत के लिए लठ गढा रहे तो अच्छी बात है। लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़े जाने के सवाल पर कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि अभी तो राजनस्थान में चुनाव हुए तो उन्होंने (जेजेपी) अपने सिंबल पर चुनाव लड़ा हमने अपने सिंबल पर लड़ा। पहले भी हमने दस की दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा है। इस बार भी दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु पुलिस थाना के सामने स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे थे। पत्रकार वार्ता में चंडीगढ़ मेयर चुनाव में विपक्ष द्वारा भाजपा पर बेईमानी करने के लगाए जा रहे आरोप पर बोलते भाजपा नेता ने कहा कि जो हार को नहीं पचा पाते है ये उन लोगों की आदत होती है। जब-जब कांग्रेस इनके गठबंधन के लोग चुनाव हारते है तो कभी ईवीएम पर दोष निकालते है लेकिन अपने अंदर नहीं झांकते है। हिमाचाल, पंजाब में चुनाव जीते तो तब किसी तरह के आरोप नहीं लगाते तब सब चीज ठीक होती है। हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के लोगों का ही वोट रद्द हुआ था उसकी जबावदेही कांग्रेस के लोगों की थी तब भी पढ़े-लिखे लोग थे। ये लोकतंत्र की जीत है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही जन संदेश यात्रा पर बोलते भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज कहा है न तो हरियाणा में आज पार्टी है न ही संगठन है। कांग्रेस पार्टी के पांच-पांच अध्यक्ष है। पार्टी के अनेकों परिवारों समूह है न पार्टी की कोई विचाधारा है न पार्टी का कॉडर दिखाई देता है। कोई पार्टी नहीं कोई संगठन नहीं कोई विचारधारा नहीं है।



**उचाना।** स्व. कुलदीप डूमरखां की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। *फोटो :हरिभूमि*

**इंडिया गठबंधन बिखरता जा रहा:** अरविंद केजरीवाल के केंद्र सरकार द्वारा पांच मांगे माने जाने पर राजनीति छोड़ने के बयान पर पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब में वादे कर सरकार बनाई है उस पर जबाव दे। बदलाव रैली कर जो बदलाव की बात अरविंद केजरीवाल कर रहे है बदलाव तो उनकी पार्टी में हो रहा है। चौ. निर्मल सिंह छोड़ कर चले गए अशोक तंवर आप को छोड़ कर चले गए। इस रैली के बाद आप में और भी ज्यादा बिखराव होगा। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा महागठबंधन में चुनाव लड़ने के बयान पर भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब के सीएम भगवत मान कह रहे है अकेले चुनाव लड़ेंगे। इंडिया गठबंधन बने कई महीने हो गए है। गठबंधन मजबूत होने की बजाए बिखरता जा रहा है। उनको (आप) स्पष्ट नहीं है कि दिल्ली में क्या करेंगे, पंजाब में क्या करेंगे हरियाणा में क्या करेंगे। ये सब मिलकर भी आए जाए तो ये एक और दो भी नहीं हो सकते बल्कि एक और एक मिलकर भी जीरो होंगे। जगदीप डूमरखा, हरदीप डूमरखा, पूर्व सरपंच राजेश कोथ, बलवान कापड़ो, नरेंद्र खापड़, सुनील नैन, वीरेंद्र प्रधान खांडा, सज्जन शर्मा, नवीन बैनीवाल, हरिकेश चहल बड़ौदा, सज्जन भौंगरा मौजूद रहे।

## किसानों को अच्छी बरसात की दरकार, चार फरवरी को फिर इंतजार

# जींद में बरसात व कैथल में गिरे ओले

## जींद में औसतन साढ़े चार, जुलाना में 9.6, नरवाना व सफीदों में 3-3, पूंडरी में 10 एमएम बरसात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जिले में हुई बूंदाबांदी तथा हलकी बारिश ने किसानों को काफी राहत देने का कार्य किया है। बारिश तथा बूंदाबांदी के रूप में आसमान से खेतों में सोना बरसा है। बूंदाबांदी का सिलसिला दिन से रूक-रूक कर बीती देर रात तक जारी रहा। जिसके चलते अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले औसतन साढे. चार एमएम बारिश दर्ज की गई है। जीद मे 3.5 एमएम, नरवाना तथा सफीदों में तीन-तीन एमएम जुलाना मे 9.6 एमएम, उचाना में 8 एमएम, पिल्लूखेड़ा में पांच एमएम तथा अलेवा में बूंदाबांदी दर्ज की गई है। वीरवार को दिनभर मौसम परिवर्तनशील बना रहा। बादल भी छाण रहे ओर उनके बीच से कभी कभी सुर्य भी झांकता रहा। वीरवार को अधिकतम तापमान 15.4 तथा न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 96 प्रतिशत तथा हवा कि गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आकाश में बादलवाई बनी रहेगी। चार फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बूंदाबांदी होने की संभावना है। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाये बादलों के साथ हुआ। हवा की गति भी काफी तेज रही। दिन चढ़ने के साथ बादल हलके हो गए। बीच-बीच में सूर्य भी बादलों के बीच से झांकते रहे। दिनभर सूर्य तथा बादलों के बीच अठखेलियों का दौर चलता रहा।



**कैथल।** सीवन में हुई ओलावृष्टि।

### गेहूं की फसल को फायदा

**कैथल।** बुधवार से जारी बूंदाबांदी उपरांत वीरवा सुबह जिले में जमकर बरसात हुई। सर्वाधिक बरसात पूंडरी क्षेत्र में 10 एमएम बताई गई है। इसके साथ ही जिले के कुछ हिस्सों में हलकी ओलावृष्टि भी बताई जा रही है। वीरवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। बादलों की गर्माहट के चलते सर्दी से भी राहत मिली है। किसानों का कहना है कि वर्षा होने से गेहूं की फसलों को फायदा है। यह वर्षा गेहूं और सरसों की फसलों में खाद का कार्य करेगी। उधर, वर्षा के बाद जमीन में भी नमी बढ़ गई है। जिस कारण से पहले सप्ताह में लगने वाली सब्जियां अब देरी से लगाई जाएंगी। वीरवार को अधिकतम 16 व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। बता दें कि मौसम विभाग के पूवार्नुमान अनुसार वर्षा हुई है। अल सुबह से जिलेभर में झमाझम वर्षा हुई। सीवन क्षेत्र में ओलावृष्टि भी हुई है। वर्षा के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवा चलती रही। विभाग के अनुसार चार फरवरी तक वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है।

### गुहला में ओलावृष्टि की भेंट चढ़ा हरा चारा



**गुहला-चीका।** गत देर रात्रि हलका गुहला में हुई हलकी बरसात व ओलावृष्टि से हालांकि ठंड तो पहले की तरह ही बरकरार है परंतु बरसात से धुंध व कोहरा खत्म हो जाने के चलते ठिठुरन में काफी कमी आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां बरसात के साथ पड़े ओलों से पशुओं का हरा चारा खराब हो गया है और सरसों की फसल को भी नुकसान हुआ है। इसी के साथ थोड़ा-बहुत गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों नायब सिंह करनैल सिंह, बुद्ध राम, गुरबचन सिंह, कृष्ण कुमार, महावीर प्रसाद व राजू दिवाना आदि ने बताया कि कल रात को तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई और थोड़ी देर में ही ओले भी पड़ने शुरू हो गए। बताया कि हालांकि बरसात व ओलों से गेहूं की फसल पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है परंतु आने वाले समय में पशुओं के लिए हरे चारे की किल्लत महसूस की जा सकती है क्योंकि बरसात व ओलावृष्टि ने हरे चारे को काफी हद तक नष्ट कर दिया है। ओलों के चलते ठंड बढ़ जाने से लोगों की रोजमर्रा की जिन्दगी पर भी एक बार फिर असर पड़ा है और बाजार की रौनकें गायब हो गई हैं। इस बीच मौसम विभाग के सूत्रों ने बताया कि आने वाले दो-तीन दिनों तक मौसम इस प्रकार ठंडा रहेगा और बरसात आने के भी आसार बने रहेंगे।

### शराब ब्रांड प्रोत्साहन होर्डिंग्स लगे ठेकों पर कसा शिकंजा



**जींद।** जिला आबकारी एवं काराधान विभाग ने विभिन्न कंपनी शराब ब्रांडों का प्रोत्साहन देने वाले होर्डिंग्स, बोर्ड तथा फलेक्स लगे शराब ठेकों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वीरवार को जिला उप आबकारी एवं काराधान आयुक्त ने ऐसे ठेकों के खिलाफ कार्रवाई की, जिन पर विभिन्न कपनी शराब ब्रांडों के होर्डिंग्स तथा बोर्ड लगे थे। उन्होंने शराब ठेकों पर लगे विभिन्न कंपनी ब्रांडों के शराब होर्डिंग्स तथा बोर्डस को उतरवा दिया। साथ शराब ठेका संचालकों को आदेशों की अवेहलना करने पर फटकार भी लगाई और भविष्य मे अवेहलना करने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जिला उप आबकारी एवं काराधान आयुक्त डा. शोभनी माला ने हाल में शराब ठेकों पर लगे विभिन्न कंपनी शराब ब्रांडों को प्रोत्साहन देन वाले होर्डिंग्स, फलेक्स तथा बोडोंर् को हटाने के आदेश दिए थे। विभिन्न कंपनी के ब्रांडों के शराब ठेकों पर होर्डिंग्स तथा बोर्ड लगाना आबकारी नीति के खिलाफ है।



## खबर संक्षेप

### उचाना में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला कल

**जींद।** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि तीन फरवरी को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जींद जिले का दौरा करेंगे। इस दिन वे प्रातः साढ़े दस बजे उचाना उपमंडल के छात्तर गांव की गऊशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद उपमुख्यमंत्री प्रातः साढ़े 11 बजे उचाना खुर्द में आमजन की समस्याएं सुनेंगे।

### लोक नृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा जींद सहित हरियाणा के अन्य जिलों से लोकनृत्य दलों के पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक दल 29 फरवरी तक विभाग की मेल आईडी 'पर आवेदन कर सकते हैं। राज्य के पंजीकृत लोक नृत्य दलों को ही विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुबंधित किया जाएगा।

### निःशुल्क हृदय जांच एवं हड्डी रोग शिविर तीन को

**जींद।** आगामी तीन फरवरी शनिवार को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका में निशुल्क हृदय जांच शिविर में हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पानीपत से चिकित्सक टीम हृदय जांच व हड्डी जांच को लेकर सेवाएं प्रदान करेगी। टीम में शामिल लैब मे ईसीजी, बीपी, तीन महीने का ब्लड शुगर प्रोफाइल व अन्य जरूरी लैब टेस्ट किए जाएंगें।

### मकान का ताला तोड़कर नगदी और जेवरात चोरी

**जींद।** कृष्णा कालोनी में परिवार के लोग शादी में गए थे। चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर चांदी के जेवरात तथा 80 हजार की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत शादी में गया हुआ था। पीछे से रात को चोर ताला तोड़ कर मकान में घुस गए और 15 तोले चांदी के जेवरात तथा 80 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### एकलव्य स्टेडियम में प्रतियोगिता छह को

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू ने बताया कि छह फरवरी को प्रातः दस बजे एकलव्य स्टेडियम में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में पिछले दिनों महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करवाई गई खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाली महिला इस जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।

### जनता की उम्मीदों को पूरा करने में सरकार नाकाम

**उचाना।** बीजेपी-जेजेपी जनता की उम्मीदों और अपने चुनावी घोषणापत्र को लागू करने में पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। यही वजह है कि आज कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं है। कांग्रेस नेता स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि सरकार का हिस्सा रहे दुष्यन्त चौटाला, पूर्व विधायक प्रेमलता उचाना से दूर रहे।

### राष्ट्रीय कृमि निवारण कार्यक्रम पंद्रह को

**जींद।** 15वें राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन आगामी 15 फरवरी को किया जाएगा। भारत सरकार और एनएचएम, हरियाणा आगामी 15वें डीवॉर्मिंग राउंड को संस्थान आधारित निश्चित दिन के दृष्टिकोण से लागू करने के लिए तैयार है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस 15 फरवरी को होगा।

### परमात्मा ने परमार्थ का मार्ग खोल रखाः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिन लोगों के पास दान देने के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नही है, वे अपनी रोटी के छोटे से टुकड़े में से छोटे-छोटे टुकड़े कर अनेकों छोटे-छोटे जीव जंतुओं की भूख मिटा सकते हैं। मुट्ठीभर दाने से अनेकों चिड़ियाओ कबूतरों जैसे छोटे-छोटे जानवरों की भूख मिटा सकते हैं।

## सिविल सर्जन को सौंपा मिशन डायरेक्टर के नाम ज्ञापन

# लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन, नारेबाजी

### आशा वर्कर्स को योग्यता के आधार पर पदोन्नति दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

लंबित मांगों और सरकार द्वारा की गई घोषणा को लागू करवाने के लिए वीरवार को आशा वर्कर्स यूनियन ने प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का मांग पत्र मिशन डायरेक्टर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पंचकूला के नाम सिविल सर्जन को सौंपा। प्रदर्शन से पहले आशा वर्कर्स नागरिक अस्पताल में जिला प्रधान नीलम की अध्यक्षता में एकत्रित हुई। बैठक का संचालन राजबाला ने किया।

इसके बाद सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करते 16 फरवरी की हड़ताल और अपनी मांगों का मांग पत्र सौंपा। जनसभा को संबोधित करते नीलम व राजबाला ने कहा कि हरियाणा सरकार आशा वर्कर्स कम्युनिकेशन के साथ किए गए समझौते को लागू नहीं कर रही है। सरकार ने कहा था कि हड़ताल के दौरान पूरे हरियाणा में आशा वर्कर को चार हजार फिक्स दिए जाएंगे। आशा वर्कर को योग्यता के आधार पर पदोन्नति दी जाएगी। आशा पी एप गाइडलाइन में जरूरी सुधार करते हुए दूसरे जिलों में आने वाली डिलीवरी का बेनिफिट तुरंत दिया जाएगा। आशाओं के मानदेय को महंगाई भत्ते के साथ जोड़ा जाएगा। आशाओं के खाते में डाल दिया जाएगा। आशा फैसिलिटेटर विकसित की प्रदर्शन राशि बढ़ाने आशाओं के ड्रेस के पैसे बढ़ाने आदि का वायदा भी किया था। हड़ताल के तीन महीने गुजर जाने के बाद भी एक भी घोषणा पूरी नहीं की गई है। इसलिए आशा वर्कर वकरों में भारी रोष है। इसी रोष को दर्शाने के लिए पूरा हरियाणा की आशा वर्कर 16 फरवरी की राष्ट्रीय हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेंगी।

उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा की सरकार जनता के खून पसीने से खड़ी की गई देश की बहुमूल्य संपत्तियों को अडानी व अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों और देशी-विदेशी कॉपार्रेट के हाथों में बेचने का राष्ट्र विरोधी काम करने में लगी हैं।



जींद। सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। फोटो:हरिभूमि

### लाखों पद केंद्र-राज्य सरकार के विभागों में खाली

स्कूल में मास्टर नही, अस्पताल में डॉक्टर नहीं। रेलवे, बिजली, रोडवेज, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे सारे सरकारी विभागों का निजीकरण हो रहा है। ऐसा करके एक तरफ जनकल्याण की सुविधाओं से आम जनता की बेदखली है। दूसरी तरफ सरकारी क्षेत्र में नौकरी मिलने के सभी रास्ते बंद किए जा रहे हैं। लाखों पद केंद्र व रा'य सरकार के विभागों में खाली पड़े हैं, जिन्हे भरा नहीं जा रहा। न ही पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किया जा रहा। किसान, खेत मजदूरों को कर्ज मुक्त करने की बजाय मोदी सरकार ने देश की धन दौलत को लूटने वाले पूंजीपतियों द्वारा लिए गए 25 लाख करोड़ रुपये माफ करने का शर्मनाक काम किया है। आशा वर्कर यूनियन की जिला सचिव राजबाला ने कहा कि 16 अप्रैल को पूरा हरियाणा के आशा वर्कर देश का प्रधान में अपने मांग मुद्दों को लेकर शामिल होगी। इस मौके पर गुड्डी रानी, पूनम, सुमन, मंजू, नेहा रानी, सुनीता, शर्मिला, नेवी ने जनसभा को संबोधित किया।

# किसान-मजदूर जागृति दिवस कल मनाया जाएगा

- सरकार किसानों की मांगों को पूरा करे : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि तीन फरवरी एक ऐतिहासिक दिन है, पिछले सालों दिल्ली में बड़ा किसान आंदोलन हुआ था और केंद्र सरकार ने गाजीपुर बॉर्डर पर जब किसान आंदोलन को तोड़ने की कोशिश की थी, उस समय तीन फरवरी 2021 को सर्वजातीय खाप पंचायत व किसान संगठनों की सबसे पहले बड़ी महापंचायत कंडेला में बुलाई गई थी। जिसमें भारी संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी दिन को अब किसान मजदूर जागृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस बार बैठक में निर्णय लिया गया है कि यह दिवस इस बार राष्ट्रीय मुख्यालय कंडेला में ही मनाया जाएगा। कंडेला ने कहा कि वह लंबे समय से किसानों व सामाजिक मुद्दों पर कार्य करते रहे हैं। सहकारी समितियां किसनों से जो ब्याज वसूल रही हैं, इन्हें बंद किया जाए। घरों व खेतों में बिजली के बिल अनाप-शनाप बिल विभाग द्वारा थमा दिए जाते हैं, जिसे किसान भरने में असमर्थ हैं। उन्हें मनरेगा स्कीम को किसानों के साथ जोड़ा जाए। जींद राजनीति का केंद्र बिंदू है।


जींद। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते टेकराम कंडेला। फोटो:हरिभूमि

# मोतीलाल स्कूल के छात्र हर्ष ने अंडर-17 में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए हरियाणा क्रिकेट टीम ने उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हर्ष ने अंडर-17 वर्ग में अहम भूमिका निभाई। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद उन्होंने असाधारण टीम वर्क और कौशल का प्रदर्शन करते समग्र उपविजेता स्थान हासिल किया। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन पटना (बिहार) में हुआ। क्रिकेट के मैदान पर हर्ष के उल्लेखनीय योगदान ने उन्हें पहचान दिलाई। प्रमोद कोच के मार्गदर्शन और टीम के सामूहिक प्रयास से वे सफलता के शिखर पर पहुंचे और हरियाणा में दूसरा स्थान हासिल किया। यात्रा को रणनीतिक खेल खेलना, समर्पण और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित किया गया था।


जींद। पदक के साथ हर्ष।

### शहीद मदनलाल वर्मा को श्रद्धांजलि दी

**जींद।** मैढ सुनार सभा जीन्द द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे स्व. शहीद मदन लाल वर्मा की 32वी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय रानी तालाब पर शहीद मदनलाल वर्मा की प्रतिमा पर मैढ सुनार सभा जींद के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अगुवाई में समाज के गणमान्य लोगों ने फूल मालाएं डाल कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शहीद मदनलाल वर्मा की भांति ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने और शहर को स्वच्छ व नशामुक्त बनाने के लिए अभियान चला कर लोगो को जागृत करने की शपथ भी ली। सभा के महासचिव राममेहर वर्मा, वित्त सचिव गौरव वर्मा व महाबीर सोनी ने बताया कि आज से 32 वर्ष पहले स्व. मदनलाल वर्मा, उनकी धर्मपत्नी प्रीति वर्मा व दो बेटे गौरव और सौरव के अलावा उनके चालक राजबीर सिंह व गनमैन सतबीर सिंह पंजाब में फैले उग्रवाद की वजह से उग्रवादियों के हाथों शहीद हो गये थे। मैढ सुनार सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी, वजीर सिंह, राजकुमार मौजूद रहे।

# जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी

- वार्ड नंबर नौ में दूषित पानी की हो रही है सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

शहर के वार्ड नंबर 9 में पानी सप्लाई में दूषित पानी आने पर वार्ड की महिलाओं, पुरुषों ने रोष प्रदर्शन कर दूषित पानी की सप्लाई की समस्या को दूर करने की मांग की। मायादेवी, फुल्लो देवी, गुड्डी, अंग्रेजो, संतोष ने कहा कि करीब दो महीनों से पानी सप्लाई के दौरान दूषित पानी आ रहा है। कई जगहों से पाइप लाइन लीकेज है।

दूषित पानी सप्लाई के पानी में आने से दूसरे वार्डों से जाकर पीने का पानी लेकर आना पड़ता है। इसको लेकर कई बार अवगत करवा चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। दूषित पानी जो सप्लाई में आता है वो पीने के तो दूर उससे कपड़े भी नहीं धोएं जा सकते है। जन स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि स्वच्छ पानी सप्लाई हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध हो। जन स्वास्थ्य विभाग जेई पुनीत साहू ने कहा कि गंदे पानी की सप्लाई अगर हो रही है तो उसका समाधान करवाया जाएगा।


उचाना। गंदे पानी की सप्लाई वार्ड नंबर 9 में आने पर रोष प्रकट करते हुए।

### प्रत्येक युवा मतदान का जरूर प्रयोग करेः गौरव


**जींद।** छोटूराम किसान महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कॉलेज मतदाता साक्षरता क्लब व लीगल लिटरेसी सेल की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता एडवोकेट गौरव सेतिया रहे। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने मतदान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जब भी उन्हें मौका मिले, उन्हें वोट डालना चाहिए व देश के विकास में हमें वोट डाल कर भागीदार बनना चाहिए। यह शुभ अवसर हमें पांच वषोंर् बाद मिलता है और इसका हमें लाभ उठाना चाहिए। एडवोकेट सेतिया ने कहा कि सरकार की तरफ से ऐसी अनेक योजनाएं आई हैं जिसमें आपको मुफ्त में कानूनी सलाह व वकील उपलब्ध करवाया जाता है। सेतिया ने भारत सरकार के गरीबी उन्मूलन 2015 की क्रियान्वयन हेतु अपने विचार दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. कुलबीर सिंह रेढू ने कहा कि वोट हमारा अधिकार है और हमें इससे पीछे नहीं हटना चाहिए। मंच का संचालन लीगल लिटरेसी सेल के इंचार्ज डा. संदीप बूरा ने किया। इस मौके पर डा. संजय खर्ब व अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# प्राची ने सोना, कनुप्रिया ने कांस्य जीता

- सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में चमकाया इंडस स्कूल का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा प्राची लोहान व दसवीं कक्षा की छात्रा कनुप्रिया 34वें सीनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप गुवाहाटी (असम) में प्राची लोहान ने स्वर्ण पदक व कनुप्रिया ने कांस्य पदक जीता है। तलवारबाजी कोच मन्नु नैन ने बताया कि 28 से 31 जनवरी तक गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें प्राची लोहान ने इपी टीम इवेंट में सभी टीमों को हरा कर स्वर्ण पदक जीता वहीं कनुप्रिया ने फॉयल टीम इवेंट में अपना दमदार प्रदर्शन दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। इंडस स्कूल के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि कनुप्रिया व प्राची लोहान की उपलब्धि पर सभी को गर्व है। उन्होंने जींद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इसके लिए प्राची के कोच, अभिभावक व अध्यापक बधाई के पात्र हैं। प्राचार्य अरुणा शर्मा व उपप्राचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि प्राची लोहान व कनुप्रिया एशियन चैंपियनशिप व कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में मेडल भी जीत चुकी हैं।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।


उचाना। वार्ड पांच में आर्य समाज मंदिर के पास वाली गली में भरा पानी।

### जल निकासी के पुख्ता प्रबंध न होने से लोग परेशान

**उचाना।** थोड़ी सी बारिश के बाद शहर की अनेकों गलियों में जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध नहीं से आर्य समाज मंदिर, मस्जिद वाली गली सहित अन्य गलियों में बारिश का पानी भरा। तरषेम गर्ग, सुनील, राजेश, मनोज ने कहा कि थोड़ी सी बारिश में ही गलियों में जलभराव हो जाता है। गलियों में पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध नहीं है। आर्य समाज के साथ स्कूल की तरफ जाने वाली गली में जलभराव हो जाता है। थोड़ी सी बारिश में ही गली में पानी भरने से लोगों को आवगामन में परेशानी होती है। यहां पर पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए ताकि बारिश के बाद पानी की निकासी हो सकें। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई पुनीत साहू ने कहा कि पानी निकासी नहीं होने की कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है। ऐसा अगर किसी वार्ड में है तो उस समस्या को दूर किया जाएगा।

# नप चेयरपर्सन ने किया कैंटीन का निरीक्षण

- कैंटीन में 10 रुपये में खा सकेंगे भरपेट खाना : डा. अनुराधा सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नगर परिषद चेयरपर्सन डॉ अनुराधा सैनी ने वीरवार को अंत्योदय आहार योजना के तहत लघु सचिवालय में बनाई गई कैंटीन का दौरा किया। कहा कि लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों में आने वाले नागरिक लघु सचिवालय की पार्किंग प्वाइंट में खोली कैंटीन में 10 रुपये में भरपेट खाना खा सकेंगे। जो गरीब तबके के व्यक्ति व रेहड़ी -फड़ी लगाने वाले व्यक्ति भी कैंटीन में खाना खा सकेंगे। साफ -सुथरा खाना कैंटीन के माध्यम से आमजन को उपलब्ध करवाया जाएगा।

इसके बाद डा. अनुराधा सैनी ने कैंटीन का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार किए गए भोजन की गुणवत्ता जांची। वहां पर मौजूद अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने कैंटीन में भोजन भी ग्रहण किया। डा. अनुराधा ने कहा कि कैंटीन में स्वयं सहायता समूह द्वारा साफ - सुथरा खाना बनाया जा रहा है। कैंटीन में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक भोजन उपलब्ध किया जाएगा। चेयरपर्सन प्रतिनिधि गोविंद, नप कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, डीएमसी के निजी सचिव प्रवीण, मीराबाई सेल्फ हेल्प ग्रुप से सदस्य जितेंद्र सिंगला, नरेंद्र गर्ग, संदीप, नसीब , एनयूएलएम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


जींद। कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता की जांच करते डा. अनुराधा सैनी व अन्य।


जींद। ई–सर्टिफिकेट व ई ब्रोसर के बारे में जानकारी देते प्राध्यापिका शिवानी।

### ई-सर्टिफिकेट को डिजाइन करते समय बरतें सावधानी

**जींद।** हिंदू कन्या कॉलेज कंप्यूटर साइंस विभाग और आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में गैरशिक्षक कर्मियों के लिए चल रही छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम के तीसरे दिन वीरवार को कंप्यूटर साइंस विभाग की प्राध्यापिका शिवानी ने ई-सर्टिफिकेट व ई.ब्रोशर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ई-सर्टिफिकेट व ई-ब्रोशर को डिजाइन करने के लिए जिन टूल्स का उपयोग होता है, उनके बारे में जानकारी दी। किस तरह से हम उन्हें आकर्षित रुप से डिजाइन कर सकते हैं, इसके बारे में कई टिप्स व ट्रिकस बताएं। डिजाइनिंग के साथ-साथ उन्होंने यह भी बताया कि किस तरह से एक ही ई-सर्टिफिकेट को डिजाइन करते हुए कई लोगों को उनके नाम व अन्य कई जानकारी के साथ मेल मर्ज के विकल्प से मेल कर सकते हैं। अंत में सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों ने ई-सर्टिफिकेट व ई-ब्रोशर से जुड़ी सभी शंकाओं को शिवानी से पूछ कर दूर किया। कार्यक्रम में सभी गैर शिक्षक स्टाफ व कंप्यूटर साइंस विभाग की सभी प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

## राजकीय महिला कॉलेज में सात दिवसीय शिविर आयोजित

# स्वास्थ्य-बेसिक हाइजिन के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महिला कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन वीरवार को नागरिक अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। चौथे दिन का विषय स्वस्थ भारत और नशामुक्त भारत रहा। इस दौरान डा. रमेश पांचाल ने स्वयं सेविकाओं को स्वास्थ्य व बेसिक हाइजिन के प्रति जागरुक किया। उन्होंने महिलाओं में होने वाले रोग, धूम्रपान व अस्वच्छता से होने वाले रोगों की जानकारी दी तथा उनसे बचने के उपाय बताए। सबसे पहले उन्होंने एनिमिया रोग के लक्षण जैसे सांस फूलना ,आंखों में पीलापन, नाखून सफेद हो जाना के बारे में बताकर उससे बचने के उपाय के बारे में बताया। कहा कि धूम्रपान करने से अनेक प्रकार के कैंसर होते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे आज के समय में युवा पीढ़ी व स्कूल, कॉलेजो में पढ़ने वाले छात्र भी नशे के चपेट में आकर अपना जीवन खराब कर रहे हैं। जिसका प्रभाव समाज व देश के भविष्य पर पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को नशा न अपनाने और नशे के रोकथाम के प्रति दूसरों को जागरुक करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाएं समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके बाद सभी स्वयं सेविकाओं ने पांडू पिंडारा में घर-घर जाकर महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व घर के कामों के साथ कैसे वह अपनी बाहरी जीवन शैली को को सुचारु रुप रूप से बनाकर रख सकती हैं के बारे में बताया। स्वयंसेविकाओं ने महिला और साइबर क्राइम विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रतिभाए डॉ सुमन व 'योति ने किया।



जींद। शिविर के दौरान छात्राओं के साथ मुख्यातिथि डॉ रमेश पांचाल व अन्य। फोटो:हरिभूमि


उचाना। राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी मसानिया में सूर्य नमस्कार करते हुए।

### हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ

**उचाना।** हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार व्यायामशाला खेड़ी मसानिया के आयुष योग सहायक सतीश कुमार योगाचार्य के द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान का शुभारंभ राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी मसानिया में किया गया। सतीश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम ग्रामीण प्रवेश में योग की जागरूकता बढ़ाकर रोगों से लोगों को बचाने का एक बहुत अच्छा एवं सराहनीय प्रयास है। आयुष विभाग जींद के द्वारा उचाना ब्लॉक की व्यायामशाला के माध्यम से इस अभियान को अति सफल बनाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। 20 फरवरी तक ये कार्यक्रम चलेगा। इस मौके पर विद्यालय के मुख्याध्यापक विजेंद्र सिंह द्वारा योग को दैनिक चर्या मे शामिल करने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### गांव आरनौली से चीका तक ट्रैक्टर मार्च निकाला

**गुहला-चीका।** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के आह्वान पर किसानों ने वीरवार को गुहला हलका के गांव आरनौली से चीका तक विशाल ट्रैक्टर मार्च निकाला। मार्च में भारी संख्या में विभिन्न गांवों से किसान शामिल एमएसपी गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर रोष प्रदर्शन किया।

### बिजली उपभोक्ताओं की सुनवाई छह को

**कैथल।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन पूंडरी कार्यालय में 6 फरवरी, यूएचबीवीएन गुहला कार्यालय में 13, यूचबीवीएन कैथल के कार्यालय में 20 व 27 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

### हाकी मैच में गुरुकुल की टीम का शानदार प्रदर्शन

**पूंडरी।** पूंडरी खेल स्टेडियम में हुए नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत खेलों में हाकी मैच में गुरुकुल पूंडरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि डीएसपी कैथल उमेद सिंह ने खिलाड़ियों व उनके कोच शेरसिंह की काफी तारीफ की। गुरुकुल में पहुंचने पर टीम के सदस्यों का स्वागत किया गया। प्रिंसिपल कुमारी सुमन ने बताया कि गुरुकुल के खिलाड़ी क्षेत्र में होने वाली हर प्रकार की प्रतिस्पर्धा में भाग लेते है और एक मुकाम हासिल करते है।

### बाबा नारायण दास मंदिर के 85 वर्षीय महंत का निधन

**सीवन।** सीवन के बाबा नारायण दास मन्दिर के महंत राम किशोर दास बुधवार को अपना चोला छोड़ गए। वह 85 वर्ष के थे। महंत राम किशोर दास पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। बृहस्पतिवार को मन्दिर परिसर में उनको समाधि दी गई। इससे पूर्व नगर में एक यात्रा निकाली गई जिसमें नगर के लोगों ने बहुत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। महंत राम किशोर दास पिछले लंबे समय से नगर के बाबा नारायण दास मन्दिर में महंत थे।

### मकान से लाखों के जेवरात-नकदी चोरी

**कैथल।** चोर दो मकानों से लाखों रुपये के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में गोविंद कॉलोनी कैथल के आशु गर्ग ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 30 जनवरी को रात के समय अज्ञात आरोपी ताला तोड़कर उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने वहां से सोना-चांदी के गहने और तीन लाख रुपये चोरी कर लिए।

### बिना नंबर प्लेट घूम रहे वाहनों के काटे चालान

**गुहला-चीका।** ट्रैफिक पुलिस ने गुहला चीका में बुलेट बाइक के साइलेंसर के माध्यम से पटाखे बजाने वाले व बिना नम्बर प्लेट वाहनों के चालकों के चालान काटे। उक्त जानकारी देते ट्रेफिक पुलिस इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने बताया की एसपी कैथल के आदेश है कि बुलेट मोटरसाइकिल में साइलेंसर बदलकर पटाखे की आवाज निकालने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए और चालान काटे जाएं. इसी प्रकार से बिना नंबर के घूमने वाले वाहनों को भी जुर्माना कर उनके भी चालान काटे जाएं।

### नशीली दवा बरामदगी मामले में वांछित काबू

**कैथल।** वर्ष 2017 दौरान नशीली दवाई बरामदगी मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस के एएसआई सुभाष चंद की टीम ने आरोपी मस्तगढ़ निवासी जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 जनवरी 2017 को चौकी रामथली पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि मस्तगढ़ गुरुद्वारा के नजदीक डॉ. जसपाल सिंह प्राइवेट क्लीनिक चलाता है। आरोपी का वीरवार को 1 दिन का रिमांड हासिल किया।

## ग्रामीणों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

# थेह नेवल के सरकारी स्कूल में हरे पेड़ों पर चला कुल्हाड़ा

### पेड़ काटने की किसी से भी अनुमति नहीं लेने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



कैथल। थेह नेवल के सरकारी स्कूल में काटे गए पेड़। फोटो :हरिभूमि

उपमंडल के गांव थेह नेवल के सरकारी स्कूल में सफाई के नाम पर हरे पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन द्वारा हरे पेड़ काटने की किसी से भी अनुमति नहीं ली है।

ग्रामीण जय भगवान व कुछ अन्य लोगों ने बताया कि सरकार एक तरफ जहां सरकार प्राणवायु देवता के तहत पेड़ों को पेंशन दे रही है तो वहीं स्कूल के जिन लोगों के ऊपर हरे पेड़ बचाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं द्वारा हरे पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रशासन बेशक साफ सफाई की बात कर रहा है परंतु सफाई की आड़ में कुछ वर्षों से पाले हुए वृक्षों को भी काटा जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल प्रशासन द्वारा हरे पेड़ों को काटकर पर्यावरण को जो नुकसान पहुंचाया गया है, उसकी गहनता से जांच करके आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए।

स्कूल से वृक्ष काटने बारे जब स्कूल के हैड टीचर मनमोहन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि स्कूल में साफ सफाई का कार्य चल रहा है, जिसके चलते सूखे पौधे काटे गए हैं व झाड़ियों की सफाई की गई है। उन्होंने ग्रामीणों के आरोपों को नकारते हुए कहा कि स्कूल में किसी भी हरे वृक्ष को नहीं काटा गया है अलबत्ता जो वृक्ष सूखकर स्कूल की दीवार पर गिरे हुए थे, केवल उन्हें ही काटकर स्कूल की सफाई की गई है।

### कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगीः बीइओ

कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी गुहला ओम प्रकाश ने बताया कि फिलहाल यह मामला उनके नोटिस में नहीं है परंतु अब हरे पेड़ काटने का मामला उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने कहा कि कानून के हिसाब से बिना परमिशन कोई भी पौधा नहीं काटा जा सकता। नतीजतन वे स्कूल में जाकर मौके का निरीक्षण करेंगे और यदि स्कूल में कोई वृक्ष काटे पाए गए तो विभाग द्वारा उक्त मामले में कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# जन आक्रोश रैली तोड़ेगी सभी रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। जन आक्रोश रैली को लेकर दौरा करते पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश।

कमलेश ढांडा और रामपाल माजरा के बीच राजनीति के नाम पर भ्रष्टाचार करने के मुद्दे में कूदे पूर्व केंद्रीय मंत्री कलायत। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश ने कहा कि सत्ता पक्ष से विकास और पारदर्शिता पर सवाल करना आम जन के साथ-साथ विपक्ष का दायित्व है। इसलिए राज्य मंत्री कमलेश ढांडा को पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामपाल माजरा द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर लगाए गए आरोपों पर गुस्सा निकालने की बजाए संतोष जनक जवाब देना चाहिए। इसमें बुरा मानने वाली तो कोई बात नहीं। वे 18 फरवरी को कलायत अनाज मंडी में कांग्रेस द्वारा आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली के प्रबंधों को लेकर दौरा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में कहीं न कहीं संस्कारों और सामाजिक दायित्वों के प्रति भारी गिरावट आ गई है। यही वजह है कि रामपाल माजरा के सवालों का जवाब देने की बजाए मंत्री उनके घरेलू जीवन को लेकर टिप्पणी कर रही हैं। यह अनुचित है। जयप्रकाश ने कहा कि कलायत अनाज मंडी में आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली हाजिरी की दृष्टि से रिकार्ड होगी। इसमें कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदय भान सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा व कई अन्य पदाधिकारी शिरकत करेंगे।



कैथल। डीएवी कॉलेज में विद्यार्थियों को लीगल जानकारी देते हुए।

### लीगल जानकारी के लिए डीएवी कॉलेज में सेमिनार

**पूंडरी।** लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा डीएवी कॉलेज पूंडरी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अधिवक्ता पवन कुमार ने भाग लिया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बाल-विवाह, बाल अधिकार, रैगिंग ओर श्रमिक अधिकारों के बारे में कानूनी जानकारी दी। उन्होंने कहा की अगर आपको कही भी इस तरह की घटनाओं के बारे में जानकारी मिले तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल को उसके हेल्पलाइन नंबर 01746-235759 पर जानकारी दे सकते है। इसके साथ जिला निर्वाचन कार्यालय कैथल की ओर से मनोज कुमार, मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम से संबंधित जानकारी सभी विद्यार्थियों के साथ साझा की व कॉलेज के स्टाफ सदस्यों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ विश्वजीत सिंह ने कहा कि सरकार समय-समय पर इस तरह के कार्यक्त्रमों का आयोजन करके आम जन को जागृति करने का कार्य कर रही है। मंच संचालन लीगल लिटरेसी क्लब के इंचार्ज डॉ विश्वजीत सिंह ने किया।

### विधायक गोलन आज करेंगे कई गांवों का दौरा

**कैथल।** पूंडरी विधायक रणधीर सिंह गोलन 2 से 4 फरवरी तक विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। यह विधायक के निजी सचिव संजीव कुमार गामड़ी ने बताया कि 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे गुरुद्वारा में बनाए जाने वाले हाल की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद गांव सिरसल व रसीना में सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसी प्रकार 3 फरवरी को सुबह 11 बजे एमडी स्कूल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इसके उपरांत 3 बजे गांव फरल में गुरु रविदास मंदिर में बनाए गए हॉल का उद्घाटन करेंगे।

# चंद्रशेखर ने जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक पद का कार्यभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। चंद्रशेखर सहारण को जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक की कुर्सी पर बिठाते तहसीलदार डा. अनिल बिढान, सूरज सहारण और बलराज नौच। फोटो :हरिभूमि

पूर्व प्रशासक डॉ अनिल बिढान ने मीडिया को बताया कि नवनियुक्त प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रशासक पद का कार्यभार ग्रहण किया है। पूर्व प्रशासक डॉक्टर अनिल बिढान ने कार्यभार संभलवाने की औपचारिकताएं पूरी की। इस अवसर पर पूर्व संयोजक जाट हाई स्कूल सोसायटी सतबीर मालिक, रामपाल चंदाना, बलराज नोच एडवोकेट, जयप्रकाश जागलान, सूरज सहारण, रतन चांदना, डॉ मोकम सिंह, हरपाल नोच, शीशपाल नरवाना, शंकर संधू, शमशेर सिंह सिरोही सेवानिवृत डीइओ आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ने कहा कि मेरा मुख्य उद्देश्य जाट हाई स्कूल सोसायटी का चुनाव करवाना है। जिस उम्मीद से सरकार ने मेरे को प्रशासक पद पर नियुक्त किया है वे सरकार की उम्मीद पर खरा उतरूंगा। मेरा काम जाट शिक्षण संस्थान के विकास के लिए कार्य करना है जिससे पूरे हरियाणा प्रदेश में जाट शिक्षण संस्थान कैथल का नाम रोशन हो।




### न्यू लिट्ल स्टार पब्लिक स्कूल में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

**कैथल।** न्यू लिट्ल स्टार पब्लिक स्कूल कसान में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रदर्शनी आयोजन की। इस प्रदर्शनी में कक्षा 5 से कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट, मॉडल व चार्ट आदि का उल्लेख किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नंदलाल ने कहा कि यह प्रदर्शनी बच्चों में एक वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह बहुत सराहनीय कार्य रहा। इस प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि गांव कसान के सरपंच बलजीत सिंह और श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल गांव दयोरा स्कूल के प्रबंधक सोहनलाल ने मां सरस्वती की आराधना करने के बाद प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# अनीता ढुल ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कैथल। कलायत अनाज मंडी में डोर टू डोर रैली का निमंत्रण देती कांग्रेस नेत्री अनीता ढुल

कलायत अनाज मंडी में 4 फरवरी की कांग्रेस संदेश विजय रैली को लेकर प्रांतीय सचिव अनिता ढुल कार्यकर्ताओं के साथ जन संपर्क अभियान में लगी हैं। संयोजन की कमान वरिष्ठ नेता राजेश अंबरसर संभाले हैं। रैली का न्यौता देने के लिए बृहस्पतिवार को अनीता ढुल बड़सीकरी की अगुवाई में कार्यकताओंर् ने शहर में डोर टू डोर जन संपर्क किया। इस दौरान सभी वर्गों के लोगों से रैली में हिस्सा लेने की अपील की गई। इस कड़ी में बड़सीकरी कलां और बढ़सीकरी खुर्द में भी नुक्कड़ सभाओं को महिला नेत्री ने संबोधित किया। अनीता ढुल ने कहा कि कलायत हलका को आवाज को बुलंद करने के लिए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया, राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा, राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी और दूसरे पार्टी नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह आवाज वोट की चोट बनकर भाजपा को सत्ता से बाहर करना का करेगी क्योंकि देश-प्रदेश का हर वर्ग भाजपा की जन विरोधी नीतियों से तंग है। स्थिति भूखे मरने की पैदा हो गई है। इसके चलते युवाओं को कर्ज लेकर विदेश की उड़ान भरनी पड़ रही है।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पबनावा के लोगों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत वीरवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार तथा चालक संजय दत्त द्वारा गांव पबनावा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों व स्कूल स्टाफ को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करना तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

# नायब सैनी की अध्यक्षता में फिर खिलेगा कमल का फूल: सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सतपाल जांबा

भाजपा के वरिष्ठ नेता सतपाल जांबा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी को एक अलग मजबूती मिली। हरियाण के जिला कैथल में जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर के नेतृत्व में जिला कैथल में अन्य पार्टियों के नेता आए दिन शामिल हो रहे हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए नायब सैनी दिन रात मेहनत करते हैं। पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में कभी भी कांग्रेस पार्टी ने विकास कार्य नहीं करवाए। जब से भारतीय जनता पार्टी सता में आसीन हुई है तब से हरियाण में विकास हो रहे हैं। सतपाल जांबा ने कहा कि अबकी बार पुंडरी विधानसभा क्षेत्र में जनता पार्टी जीत हासिल करेगी। सतपाल जांबा ने कहा की वह आने वाले समय में पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव हर गली सभी चौक चौराहा पर भारतीय जनता पार्टी के आशीर्वाद से काम करवाएंगे। सतपाल जांबा भारतीय जनता पार्टी की नीतियां घर-घर पंहुचा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राज में बगैर खर्ची पर्ची के गरीब परिवार विकास में भागीदार बने। हरियाणा की मनोहर लाल सरकार ने चुनाव में महिलाओं की हिस्सेदारी करके उन्हें जो मान सम्मान दिया उसकी वह ऋणी रहेगी। सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा में विकास कार्यो को देख जनता एक बार फिर कमल खिलाने का काम करेगी और हरियाण में मनोहर सरकार फिर सता में आसीन होगी।



### कइयों ने थामा भाजपा का दामन

**कैथल ।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कपिल कमल में विभिन्न राजनीतिक दलों से आए पदाधिकारीगण रवि राठी सीवन, जिला सचिव युवा मोर्चा आम आदमी पार्टी, डॉक्टर राम किशन इंसा, हलोपा पार्टी 2014 गुहला विधानसभा प्रत्याशी, रवि मोर्या सीवन वरिष्ठ जजपा नेता ,सरदार गुरदेव सिंह कंबोज 1995 से इनेलो वरिष्ठ कार्यकर्ता,रामनिवास बब्बू वरिष्ठ जजपा कार्यकर्ता, और उनके साथ आए सैंकड़ों कार्यकताअरं ने भाजपा में जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर ढांड के नेतृत्व में भाजपा में अपनी आस्था जताई। अशोक गुर्जर द्वारा दूसरी बार भाजपा की कमान संभालते ही पार्टी में बंपर ज्वाइनिंग शुरू कर दी है, जिसमें विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों पर अपनी आस्था जाता रहे हैं। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय कपिल कमल में अशोक गुर्जर की अध्यक्षता में चार पार्टी के पदाधिकारी में दर्जन कार्यकर्ताओं ने भाजपा का पटका पहना, पार्टी ज्वाइन करने वालों में जजपा,इनैलो,आप और हलोपा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने उनको भाजपा का पटका पहनकर पार्टी में जोइनिग करवाई। भाजपा में ज्वाइन करने वाले विभिन्न पार्टियों के पदाधिकारी और कार्यकताअरं ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित हुए हैं और आने वाले समय में देश और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए भाजपा ही एकमात्र विकल्प है, इसलिए उन्होंने अपने-अपनी पार्टियों को छोड़कर भाजपा में आस्था जुदाई है।



### दि इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने जीते 13 गोल्ड

**गुहला-चीका।** बलबेहड़ा रोड़ चीका स्थित दि इंडियन हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के छात्रगण ने एस.ओ.एफ. (साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन) द्वारा आयोजित परीक्षा में 13 गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंग्लिश ओलंपियाड स्कूल कोऑर्डिनटर ने बताया कि नवंबर माह के दौरान हुई अंतर्राष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड 2023-2024 प्रतियोगिता में विद्यालय के 13 बच्चों को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट मिला है। इससे पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल में विजेता छात्रगण आदित गोयल, आरूष जिन्दल, गुरमेहर सिंह जोसन, आद्विक गोयल, एकनूर निरमान, अरनव सिंह नागपाल, कृष, नैतिक, लवप्रीत निरमान, हरप्रीत सिंह, जैसमीन कौर, खुशी देवी और तनिश काजल को स्कूल प्रधानाचार्या हरप्रीत कौर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 2 के छात्र आदविक गोयल ने जोनल लेवल पर गोल्ड मेडल और डिस्टिंक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त किया। छात्र तनीष काजल को एस.ओ.एफ. के अगले स्तर की परीक्षा के लिए चयनित किया गया है।

## एमडीएन ग्लोबल स्कूल में करियर पर सेमिनार आयोजित

# छात्रों का समय रहते उचित मार्गदर्शन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। विद्यार्थियों को संबोधित करते राकेश शर्मा।

एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार कामर्स क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न अवसरों और विकल्पों पर केंद्रित था। जिसमें कक्षा दसवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कामर्स क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्थान पारस इंस्टिट्यूट ऑफ कामर्स, हिसार से राकेश शर्मा और संदीप सहरावत ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ विनोद कुमार ने कहा कि आज जहां विज्ञान और तकनीक के युग में विश्व भर का ज्ञान हमारे स्मार्टफोन में समा गया है वहीं यही अत्यधिक जानकारी अक्सर हमें भ्रमित करने का कार्य भी करती है। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि विद्यार्थियों का समय रहते ही उचित मार्गदर्शन किया जाए ताकि वो अपने भविष्य से संबंधित सही निर्णय ले सकें। इसी उद्देश्य से ही इस सेमिनार का आयोजन किया गया है सेमिनार की शुरूआत राकेश शर्मा के वक्तव्य से हुई।

### कामर्स में अपार संभावनाएं

कहा कि अक्सर विद्यार्थी कामर्स को केवल व्यवसाय, बैंकिंग और चार्टड अकाउंटेंट जैसे विकल्पों से ही जोड़ कर देखते है जबकि कामर्स क्षेत्र अपार संभावनाओं से परिपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में बढ़ती चार्टड अकाउंटेंट और फाइनेंशियल कंसलटेंट की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय मांग और इस क्षेत्र में उपलब्ध बेहतरीन भविष्य से परिचित करवाया। तत्पश्चात संदीप सहरावत ने विद्यार्थियों को कामर्स से संबंधित विभिन्न कार्स, उनका पाठ्यक्रम और संबंधित कार्स के लिए प्रवेश परीक्षाओं जैसे तथ्यों से अवगत कराया। इसी के साथ एक इंटरैक्टिव प्रश्न और उत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को उनके करियर संभावनाओं से संबंधित बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई विद्यालय के प्राचार्य डॉ संत कौशिक ने छात्रों का मार्गदर्शन करते कहा कि अक्सर विद्यार्थी सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक दबाव के चलते अपने लिए उचित कैरियर का चुनाव नहीं कर पाते जिससे उन्हें भविष्य में पछताना पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सही ज्ञान पर आधारित और अपनी क्षमताओं एवं रुचि के अनुसार ही सही कैरियर विकल्प का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### साइंस कॉन्क्लेव की तैयारी में जुटे अधिकारी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सात और आठ फरवरी को आयोजित होने वाले साइंस कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर वीसी डॉण रणपाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय वीसी डा. रणपाल सिंह ने सभी समितियों के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि यह बहुत ही उत्तम अवसर है कि विश्वविद्यालय में साइंस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में साइंस कांक्लेव आयोजित करने का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बताया कि इससे विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता और नए वैज्ञानिक दिशा-निर्देशों को समझाने और विचारों को साझा करने का मंच मिलता है।

### नरवाना की छह कॉलोनी को किया अप्रूवड

**नरवाना।** वीरवार को नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर की लगभीग छ कालोनियों को अप्रुड कालोनी में हरियाणा सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी किया गया है जिसमें चमेला कालोनी, शास्त्री नगर, गांधी नगर, मेला मंडी शामिल हैं। नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि विशाल मिर्धा ने बताया कि इससे शहर के विकास कार्य गति पकड़ेंगे और जमीन की रजिस्ट्री होनी शुरू हो जायेगी। गलियां पक्की होनी शुरू हो जायेगी। जिससे लोगों को काम मिलेगा। वार्ड नं 14 के पार्षद सत्यवान बेदी, वार्ड नं एक की पार्षद सुमित्रा चौहान प्रतिनिधि सोनू ने हरियाणा सरकार का आभार जताया।

### मारपीट के दो मामलों में सात पर केस दर्ज

**कैथल।** सीवन पुलिस ने मारपीट व धमकी के दो मामलों में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पहले मामले में गांव भूना की रामरती ने सीवन थाना में शिकायत दी कि आठ जनवरी को सुबह के समय आरोपी प्रेमो, बलवान, आशीष व कांता ने मारपीट कर उसे चोटें मारी और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे मामले में व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 29 जनवरी को रात करीब नौ बजे वह अपनी पत्नी के साथ बाजार में सामान लेने गया था। वहां पर आरोपी संजय, महेंद्र व जतिन ने उसके साथ झगड़ा किया और उसकी पत्नी से गलत हरकत की। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले गया आरोपी, केस दर्ज

**कैथल।** जिले के एक गांव से एक आरोपी 20 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया। गुहला थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 31 जनवरी को सुबह के समय आरोपी गुरसेवक गांव अजीमगढ़ से उसकी 20 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गया। जांच अधिकारी विकास ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बजट को पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने सिरे से नकारा

- केंद्र सरकार का अंतरिम बजट कल्याणकारी बजट
- नारी शक्ति वंदन को दर्शाता है अंतरिम बजट : डा. मिड्ढा
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर : डा. राज सैनी
- बजट में बेरोजगारी और महंगाई रोकने के लिए नहीं कोई योजना : सुभाष
- बजट से किसी का कोई विकास होने वाला नहीं : रघुवीर भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने वीरवार को अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट को जहां पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने सिरे से नकार दिया। इस बजट में निर्मला सीतारमण ने कई घोषणाएं की। जिसमें इस बार इनकम टैक्स स्लैब में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया। इसके अलावा 40 हजार रेल बोगियों को वंदे भारत ट्रेन की बोगियों की तरह ही बनाएगी।

### महिलाओं की उद्यमशीलता 28 प्रतिशत बढ़ी : डॉ. पुष्पा



भाजपा नेता डा. पुष्पा तायल ने कहा कि नए बजट में महिलाओं की उद्यमशीलता 28 प्रतिशत बढ़ी है। आयुष्मान भारत का फायदा अब सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स को मिलेगा। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 साल की बच्चियों का टीकाकरण होगा। इसके साथ ही देश में एक हजार से ज्यादा नए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया गया है। तीन नए रेल कॉरिडोर बनाए जाएंगे। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का फायदा मिला है। बजट में महिलाओं के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। बजट में गरीब, महिलाओं और अन्नदाताओं पर जोर दिया गया है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। महिलाओं के लिए उज्जवला जैसी योजनाओं के तहत लाभ दिया गया है।

### कल्याणकारी बजट पेश : राजू मोर



भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट की जमकर सराहना करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत तीन करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ है। दो करोड़ घर अगले पांच साल में और बनाए जाएंगे। वहीं चार करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ मिला है। इनकम टैक्स में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक करोड़ टैक्स पेयर्स को नए बजट से फायदा होगा। कृषि जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों पर नैनो डीएपी का प्रयोग किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों में परिवर्तित किया जाएगा।

### देश को आगे बढ़ाने वाला बजट : जसमेर



भाजपा नेता जसमेर रजाना ने कहा कि बजट को ऐतिहासिक बताते हुआ कहा कि भारत अब आगे बढ़ चुका है और रूकने वाला नही है। बजट में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सोलर इलैक्ट्रिसिटी पर जोर दिया गया है। किसानों को कृषि यंत्रों पर भारी अनुदान दिया जा रहा है। एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफत देने का प्रावधान दिया गया है। चार करोड़ किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है। वहीं कोविड के बावजूद पीएम आवास योजना का के तहत मकानों का निर्माण जारी रखा। बजट में किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है।

### किसानों के हित में नहीं योजना : पवन गर्ग



कांग्रेस नेता पवन गर्ग ने कहा कि बजट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 54 प्रतिशत का योगदान देने वाले कृषि क्षेत्र की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। इस साल कृषि क्षेत्र के बजटीय आवंटन में पिछले साल की अपेक्षा 8.468.21 करोड़ रुपये की कमी की गई है। जोकि किसानों के साथ धोखा है। वर्ष 2014 में जब भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, तब नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों की आय दोगुणी करने का वादा किया था लेकिन आजतक भी किसानों के हित में एक भी योजना नही बनाई गई बल्कि किसानों को अपने हक के लिए महीनों दिल्ली में आंदोलन करना पड़ा। यह बजट जनविरोधी बजट है।

### विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण : मिड्ढा



विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया अंतरिम बजट नारि शक्ति वंदन को दर्शाता है। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और देश नई ऊंचाइयों को छुएगा। बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। बजट में कॉर्पस फंड के रूप में एक लाख करोड़ रुपये की घोषणा की गई है, जो भी निजी संस्था ण का विकल्प चुनेगी, उन्हें 50 वर्षो् के लिए ब्याज मुक्त ण मिलेगा। इसका सीधा लाभ भारत की नई पीढ़ी को होगा। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दिया गया है। जोकि इनोवेशन एक क्रांति का रूप ले चुका है। स्किल इंडिया के तहत देश के 1.4 करोड़ युवाओं की स्किलिंग और अप स्किलिंग की जाएगी।

### विकास का संकल्प है बजट : सैनी



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने अंतरिम बजट किसान, गरीब, नारी, युवा शक्ति की गति का प्रतिबिंब बताया है। उन्होंने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार ने विकास का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए अनेक उपाय निश्चित ही हमारे अन्नदाता का जीवन स्तर और ऊंचा उठाएंगे। यह बजट आम आदमी के हित और गरीब का कल्याण करने वाला है। अंतरिम बजट में सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास भावना परिलक्षित होती है। किसानों के कल्याण के लिए एक से एक अनेक ठोस कदम पिछले कुछ सालों में उठाए गए हैं। इनमें प्रधानमंत्री किसान निधि योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। बजट में गरीब, महिलाएं एवं युवा और अन्नदाता पर फोक्स किया गया है।

### बजट केवल जुमलेबाज : निशा देशवाल



आप नेता निशा देशवाल ने कहा कि सरकार ने 80 करोड़ नौकरियां व रोजगार देने का वादा किया था लेकिन यह केवल कोरी जुमलेबाजी साबित हुई। हरियाणा प्रदेश के लिए बजट में किसी तरह की कोई विशेष घोषणा नही की गई। गरीबों को इस बजट से कोई फायदा नहीं होने वाला है। यह केंद्रीय बजट भविष्यवादी नहीं बल्कि पूरी तरह से अवसरवादी, जनविरोधी और गरीब विरोधी बजट है। बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने में बजट कोई मदद नही करेगा।

### वित्त मंत्री बधाई की पात्र : डॉ. राज सैनी



भाजपा वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले 10 वर्षो् में गहरा परिवर्तन देखा है। 2014 में देश भारी चुनौतियों का सामना कर रहा था। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने उन चुनौतियों पर काबू पाया और संरचनात्मक सुधार किए। सरकार ने कोविड-19 जैसी महामारी की चुनौतियों पर भी काबू पाया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में लंबा कदम उठाया और अमृत काल की ठोस नींव रखी। इस बजट के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं। बजट में किसी भी क्षेत्र को नहीं छोड़ा गया है। हर वर्ग के कल्याण को लेकर बजट पेश किया गया है। आज हम अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में आत्मविश्वासी देश बन गए हैं।

### बजट निराशाजनक : सुभाष गांगोली



सफीदों के कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने कहा कि बजट में बेरोजगारी और महंगाई पर रोक लगाने के लिए कोई संकेत नही दिया गया है। आज देश व प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है लेकिन सरकार का इन मुद्दों पर कोई ध्यान नही है। बजट पूर्ण रूप से चुनावी मुद्दों पर बनाया गया है। बजट में किसी वर्ग के लिए कुछ भी नया नही है। बजट राहत देने वाला नही बल्कि पूर्ण रूप से निराशाजनक है। यह बजट अमीर के साथ और गरीब के विनाश को दर्शाता है और केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां अब भी जारी हैं।

### आमजन को राहत देने वाला नहीं : सुभाष



आप नेता सुभाष कौशिक ने कहा कि यह बजट आम नागरिक को राहत देने वाला नहीं है। बजट महंगाई एवं बेरोजगारी दोनों को और बढ़ाता है। कोई भी अर्थशास्त्री भाजपा की कोर कमेटी में शामिल नही है। जिसके चलते बजट में कापा्रेट जगत को ही लाभ पहुंचाने का काम किया गया। आज देश की अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है और भाजपा नेता केवल अपना बखान करने में जुटे हैं। बजट से आमजन को कोई फायदा होने वाला नही है।

# सत्ता पक्ष ने बजट को सराहा तो विपक्ष ने बताया आंकड़ों का फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बजट को जहां सत्ता पक्ष ने इसे लोकहित में बताया तो वहीं विपक्ष ने केवल आंकड़ों का फेरबदल है। इससे आम जनता को कुछ भी मिलने वाला नहीं है। इसे लेकर हरिभूमि ने विभिन्न वर्ग के लोगों से बातचीत की।

### सभी के हित का रखा ध्यान : अशोक



भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बजट को पूरी तरह से लोक हितैषी बताया। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। उन्होंने देश को आगे को बढाने वाला बजट बताया है। उन्होंने बताया कि बजट में सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखा गया है।

### केवल आंकड़ों का खेल : रामपाल माजरा



पूर्व संसदीय सचिव रामपाल माजरा ने बजट को लोक लुभावना बताया। उन्होंने कहा कि बजट में आम वर्ग को दरकिनार किया गया है। उन्होंने बजट आंकड़ों का फेरदबल करार दिया।

### आम वर्ग को किया दरकिनार : सतबीर गोयत



आम आदमी पार्टी शिक्षा विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर गोयत ने कहा कि बजट पूरी तरह से कार्पोरेट जगत के हित में है। इसमे आम आदमी के हितों को दरकिनार किया गया है। इससे गरीब व मध्यम वर्ग को कुछ भी मिलने वाला नहीं है।

### विकसित भारत के संकल्प का रोडमैप है बजट : खेदड़

यह बजट वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का रोडमैप तैयार करता है। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि जब से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से हर बजट में आम जनता को राहत दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को हर वर्ग का हितैषी बताया है। उन्होंने इस बजट को देश के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया है।

## बजट में महिला शक्ति, युवाओं, किसानों सहित हर वर्ग का विशेष ध्यान : विजय

**सफीदों।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट को विकसित भारत के लिए अहम बजट बताया है। उन्होंने बजट को किसानों, कारोबारियों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों एवं मध्यमवर्ग सहित सभी देशवासियों की उम्मीदों और सपनों के अनुरूप बताया। विजयपाल सिंह ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा आज पेश किया गया वह देश की अर्थव्यवस्था को शिखर तक ले जाने में कारगर साबित होगा। इस बजट में समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। वित्त मंत्री ने मोदी सरकार की उन उपलब्धियों को बजट में रखा है, जिससे भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप करने वाले युवाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। स्टार्टअप स्कीम के तहत ही एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफटॉप स्कीम के तहत मुफ्त बिजली देने की भी व्यवस्था की गई है। इस बजट में किसानों के लिए भी बड़े निर्णय लिए गए है ताकि किसान और अधिक स्मृद्ध हो सकें।

## आम बजट देश की जनता के साथ धोखा : सुखवीर सिंह



**कैथल।** आज संसद में अंतरिम बजट पेश किया गया। इसी पर प्रेस नोट जारी करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश सह सचिव सुखवीर सिंह ने कहा की लोगो को बीजेपी सरकार के दसवें आम बजट से उम्मीद थी कि चुनावी साल में कम से कम सरकार जनता को कुछ राहत देगी। लेकिन वित्तमंत्री सीतारमन ने अपने बजट से ये साबित कर दिया कि ये सरकार आम जनता की नही कुछ खास पूंजीपतियों की सरकार है। सरकार ने कॉरपरेट टैक्स घटा कर 22 प्रतिशत कर दिया जो पूंजीपतियों को तोहफा है।देश का गरीब और मध्यमवर्ग आज ठगा महसूस कर रहा है। इस बजट ने साफ दिखा दिया है कि गरीब और गरीब होगा और अमीर और अमीर होगा। करदाताओं की जेब इसी तरह काटी जाएगी। सुखवीर सिंह ने कहा कि देश का किसान सोच रहा था उसे कुछ राहत मिलेगी। कृषि उपकरणों पर छूट मिलेगी या गन्ने के दामो में वृद्धि होगी। सरकार एमएसपी पर बजट में उसके लिए कुछ लेकर आएगी लेकिन ना किसान को कुछ मिला और ना मजदूर को कुछ हासिल हुआ। युवाओ केलिए भी रोजगार के नाम पर बजट में कुछ दिखाई नही दिया। इस बजट से आम जनता को महंगाई से कोई रहत नही मिलेगी । बल्कि महंगाई और बढ़ेगी।

# शिक्षा पर बजट के प्रभावों का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण

- बजट 2024 को लेकर जाइट कॉलेज में चर्चा, छात्र व स्टाफ ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। बजट पर चर्चा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के बजट के संबंध में जाइट कॉलेज में जानकारीपूर्ण चर्चा की गई। इस अवसर पर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. गौरव, डा. शिवानी, डा. स्नेह, आशीश शर्मा और पावेल सैनी ने इस विषय पर विविध दृष्टिकोण का सुझाव दिया। बजट के इतिहास और शिक्षा पर इसके प्रभाव पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। मैनेजमेंट के छात्रों और अन्य स्टाफ के सदस्यों ने भी इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शिक्षा पर बजट के प्रभावों का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह नीतियों, फंडिंग और पहलों को आकार दे सकता है जो सीधे शैक्षणिक क्षेत्र को प्रभावित करते हैं। बजट पे चर्चा के बाद सभी छात्रों और स्टाफ के सदस्यों ने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन द्वारा बजट रिपोर्ट का लाइव प्रशारण देखा। निर्मला सीतारमन चर्चा में एक वास्तविक समय और इंटरैक्टिव तत्व जोड़ती हैं। जिससे उपस्थित सभी लोगों को स्रोत से सीधे अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस प्रकार की सहभागिता आर्थिक नीतियों और शिक्षा के लिए उनके निहितार्थो् की गहरी समझ को बढ़ावा देती है। जिससे छात्रों और स्टाफ सदस्यों को देश के वित्तीय परिदृश्य के बारे में जानकारी प्राप्त करने और चर्चाओं में सक्त्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# गिरोह से चोरी की भैंस बरामद

- पशु चोरों ने अन्य दो वारदातों का भी किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों




सफीदों। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

सीआईए स्टाफ ने एक भैंस चोर गिरोह के दो सदस्यों को काबू किया है। बता दें कि वार्ड नंबर छह सफीदों निवासी सतनाम ने थाना सदर सफीदों में शिकायत देकर कहा था कि उसका भैंसों का बाडा उसके खेत धर्मगढ़ रोड पर है। भैंस के पास खेत में उसका नौकर रहता है। 30 जनवरी की रात के समय उसके पास फोन आया कि आपके बाडा के सामने रजबाहे पर एक गाडी छोटा हाथी खड़ा है और उसमें दो-तीन व्यक्ति भैंस चढ़ा रहे है। इस सूचना पर वह अपने बाड़े पर गया तो उसने देखा कि उसके बाडे.से 1 भैंस और 1 बच्चा गायब मिला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। जिसके बाद सीआईए स्टाफ की टीम ने इंचार्ज मनीष कुमार के नेतृत्व में दो आरोपियों को काबु किया है और उनके कब्जे से एक भैंस व एक कटड़ा बरामद किया। काबू किए गए आरोपियों की पहचान परमजीत उर्फ पम्मी निवासी मलिकपुर (सफीदों) व नीतू निवासी कमहेडा जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। गहनता से पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि परमजीत के मामा का लड़का अंग्रेज सिंह जो भैंस चोरी का काम करता है और उसने परमजीत सिंह को कहा कि यदि पैसे कमाने है तो हमारे साथ काम करो। तुम यहीं से भैंस देखकर मुझे देख कर बता देना जिसे हम आसानी से चोरी कर सकें। इसी योजना के तहत परमजीत ने बोहली से धर्मगढ़ रोड पर एक भैंस के बाडे के बारे में अंग्रेज सिंह को बताया जिसमें रात के समय सिर्फ नौकर रहता है। योजना के अनुसार 29 जनवरी को परमजीत के मामा का लड़का एक टाटा एस गाडी लेकर आया जिसे नीटु चला रहा था। उन्होंने भैंस व कटडी चोरी करके गाडी में चढा ली। पुलिस ने शिकंजा कसते हुए परमजीत व नीटू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अंग्रेज सिंह को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**प्रदर्शन** आंगनवाड़ी व मिड-डे मील ने बिगाड़ा वीटा प्लांट का बजट

# उपभोक्ताओं ने पेमेंट जारी करवाने की मांग को लेकर की नारेबाजी

वीटा प्लांट का खुद का बकाया 134 करोड़ रुपये, उपभोक्ताओं के देने हैं 80 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। वीटा मिल्क प्लांट के बाहर रोष जताते हुए उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

वीटा मिल्क प्लांट के सामने वीरवार को दुग्ध उत्पादक उपभोक्ताओं ने बकाया पेमेंट की मांग को लेकर लगभग एक घंटा तक वीटा प्लांट के प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वीट प्लांट में दुग्ध उत्पादक उपभोक्ताओं का लगभग 80 करोड़ रुपये बकाया है। जिसकी मांग को लेकर इन उपभोक्ताओं ने प्रशासन के सामने विरोध जताया और पेमेंट जारी करवाने की मांग की है। वीटा प्लांट में प्रतिदिन लगभग ढाई लाख लीटर दुग्ध उपभोक्ताओं से खरीदा जाता है। जिसकी पेमेंट बकाया है। इस पर सीईओ ने उपभोक्ताओं को समझाकर वापस भेज दिया। इन उपभोक्ताओं को जल्द ही राशि जारी करने का आश्वासन दिया गया है। वीटा प्लांट में दुग्ध उत्पादकों की मांग है कि उनकी पेमेंट जल्द जारी करवाई जाए। इनको आश्वासन दिया है कि जल्द ही पेमेंट जारी करवाई जाएगी। जिसके बाद सभी उपभोक्ता शांत हो गए थे। प्लांट का लगभग 134 करोड़ रुपये आंगनबाड़ी व मिड डे मील की तरफ बकाया है। अगर यह बकाया राशि मिल जाए तो सभी किसानों की पेमेंट आसानी से हो जाएगी। इसके लिए उन्होंने पत्र लिखा है। वीटा प्लांट द्वारा समय से उपभोक्ताओं के रुपये जारी करने में आंगनबाड़ी सेंटर व मिड-डे मील की सप्लाई बाधा बनी हुई है। इन दोनों में हर माह करोड़ों रुपये का दुध व अन्य उत्पादन भेजा जाता हैए लेकिन इनकी पेमेंट लंबे समय बाद भी वीटा को नहीं दी जा रही। जिसके चलते वीटा प्लांट का बजट बिगड़ा हुआ है। इसमें वीटा प्लांट के उत्पादनों की पेमेंट लगभग 80 करोड़ रुपये तो आंगनबाड़ी केंद्रों की तरफ बकाया है जो कि जनवरी 2022 से अब तक की है।

इसके अलावा 54 करोड़ रुपये की राशि मिड-डे मील की तरफ बकाया है। इसमें मिड डे मील की तरफ जुलाई 2022 से अब तक की है। इन दोनों के कारण वीटा के दुग्ध उत्पादक उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वीटा मिल्क प्लांट के सीईओ नरेंद्र धानिया ने बताया कि दोनों विभागों में दिए जा रहे दुध व अन्य उत्पादकों की पेमेंट जारी करवाने के लिए वीटा के अधिकारियों ने कई बार पत्र भी जारी किए हैं लेकिन इसको गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जिसके कारण यहां पर दूध बेचने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।